हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 अवैध कॉलोनाइजरों के हौंसले बुलंद छह माह में...



07 योगेश के हत्यारों को फांसी देने की मांग...




### नर्मदापुरम में अधिकतम तापमान में आई 2.6 डिसे की गिरावट

# हिल स्टेशनों में पचमढ़ी रहा प्रदेश में सबसे ठंडा, पारा 6.4 डिसे दर्ज

सर्दी का सितम इन दिनों देखने को मिल रहा है। हिल स्टेशन पचमढ़ी की रात प्रदेश में सबसे सर्द दर्ज हुई, वहीं नर्मदापुरम में न्यूनतम तापमान में 2.6 डिसे की गिरावट आई है। जिसके बाद सोमवार को लोगों को कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ा।





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मौसम में आए बदलाव का असर जिला मुख्यालय सहित हिल स्टेशन पर देखने को मिल रहा है। रविवार-सोमवार की रात पारे ने ऐसा गोता लगाया कि पचमढ़ी का न्यूनतम तापमान प्रदेश में सबसे कम दर्ज किया है। वहीं पिछले चार दिन से रात के तापमान में लगातार गिरावट जारी है। बीती रात नर्मदापुरम का तापमान 11.4 डिग्री रहा, जिसमें 2.6 की गिरावट आई। वहीं दिन का तापमान भी 26.6 डिग्री पर पहुंच गया। 24 घंटे में दिन के तापमान में मामूली व रात के तापमान में 2.6 डिग्री की कमी दर्ज हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिसंबर के तीसरे सप्ताह के बाद रात और दिन के तापमान में तेजी से कमी दर्ज होने लगी है। सोमवार सुबह हल्का कोहरा रहा। इसके बाद धूप निकली, लेकिन सर्द हवा से ठिठुरन का अहसास होता रहा। एक दिन पहले पूर्वी हवा चल रही थी, लेकिन सोमवार को हवा की दिशा उत्तरी हो गई। हिमालय क्षेत्र से आने वाली हवा के असर से रात के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज हुईं। सोमवार को इस वर्ष के दिसंबर माह की सबसे सर्द रात रही। सर्द हवाओं के आगोश में जिला आने से शाम को ठिठुरन बढ़ गई। आगामी समय में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के दौरान तापमान में हल्का उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा, लेकिन सर्दी से राहत नहीं मिलेगी।

### पचमढ़ी में दिन का पारा गिरा 3.2 डिग्री सेल्सियस

हिल स्टेशन में रात के साथ ही अब दिन में भी सर्दी सितम ढाने लगी है। सोमवार मामूली गिरावट के बाद न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं अधिकतम तापमान में 3.2 डिग्री सेल्सियस की कमी आई और पारा 19 डिग्री रहा। तापमान में गिरावट के साथ ही हिल स्टेशन के मौसम में ठंडक आ गई है। मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव ने बताया कि एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ का असर दो दिन बाद नजर आएगा। इसके कारण रात के तापमान में गिरावट दर्ज होगी। उन्होंने बताया कि 22 से 26 दिसंबर तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा। इससे बारिश के आसार जिले में कम हैं, लेकिन बादल छाएंगे व सर्दी का प्रभाव भी बढ़ेगा। रात के तापमान में कमी आएगी। मौसम में हो रहे बदलाव का असर आमजनों की दिनचर्या पर पड़ने लगा है। सोमवार को दिन के साथ ही रात में कई स्थानों पर लोग सर्दी से बचने आग का सहारा लेते नजर आए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। यह यात्रा 18 दिसम्बर को जिले की अनेक ग्राम पंचायतों से निकाली गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। सोमवार को जनपद सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत गाजनपुर और भमेड़ी, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत जमारा और उटियाकिशोर, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत भरगदा और चौकीपूरा , जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी और पोंडी, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत पवारखेड़ा और सुआखेड़ी में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ढिकवाड़ा एवं काजलखेड़ी में संकल्प यात्रा पहुंची और यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है एवं पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभांवित किया जा रहा है। इस दौरान स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ भी दिया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रमों में एग्री ड्रोन के माध्यम से दवा छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया।

**आज इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा**

19 दिसंबर को जनपद सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत भमेड़ीदेव और खारदा, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत खापरखेड़ा और गाढ़ाघाट, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत नया भाड़भूड़ और नया मल्लूपूरा, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत केसला और भेरूपुर, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत शुल्कारवाड़ाफार्म और जावली में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उटियाकिशोर एवं महुआखेड़ा कला में संकल्प यात्रा पहुंचेगी और यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# अवार्ड से नवाजी गई नर्मदांचल की बिटिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को जयपुर में आयोजित इनफ्लूएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के तहत नर्मदांचल की बिटिया 19 वर्षीय सलोनी को मेकप ऑर्टिस्ट के तौर पर भारत गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। न्यास कालोनी निवासी सलोनी के पिता केसरी सिंह राजपूत ने बताया कि इस रिकार्ड के तहत सलोनी ने 10 मिनट में 10 अलग-अलग आई मेकप का वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है। सलोनी मेकम की ट्रेनिंग देकर महिलाओं को सशक्तिकरण की राह भी दिखा रही है।



# शिवाजी, रॉयल राजपूत, संत शिरोमणि बी बॉयज और केसीसी ने जीते मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



चाणक्य सद्भावना समिति के तत्वावधान में यहां गांधी स्टेडियम में खेली जा रही चाणक्य कप टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा में सोमवार को छह मैच खेले गये। प्रतियोगिता के संयोजक जितेन्द्र ओझा ने बताया कि पहला मैच संत रविदास क्लब और वीर शिवाजी क्लब के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर वीर शिवाजी क्लब ने संत रविदास क्लब को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। क्लब ने पहले खेलते हुए 87 रन बनाये। जवाबी पारी खेलते हुए वीर शिवाजी क्लब ने 89 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मोनू रहे जिन्होंने 19 गेंदों में 49 रन बनाये। मैच के स्कोरर मोहित वलेचानी, दीपांशु मालवीय, कमेंट्रेटर राकेश दुबे, अम्पायर अचला दुबे और हरीश थे। दूसरा मैच रॉयल राजपूत और ग्लोरी टू गॉड क्लब के मध्य खेला गया। टॉच जीतकर ग्लोरी टू गॉड ने गेंदबाजी चुनी। रॉयल राजपूत ने 9 विकेट खोकर 72 रन बनाए जबकि जवाब में ग्लोरी टू गॉड 8 विकेट पर केवल 52 रन ही बना सकी। रॉयल्स राजपूत ने 20 रनों से यह मैच जीत लिया। मैच के अम्पायर मोहसिन खान और हरीश तथा कमेंट्रेटर आलोक गिरोटिया थे। तीसरा मैच बीसीसी क्लब और संत शिरोमणि क्लब के मध्य हुआ। टॉस बीसीसी ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाये। जबावी पारी में संत शिरोमणि क्लब ने लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से मैच जीत लिया। अम्पायर उत्तम खाड़े, हरीश थे। मैच में अतिथि सभापति राकेश जाधव और अभिषेक तिवारी ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त किया। चौथा मैच बंसकार बंधु क्लब और बी बॉयज क्लब के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बंसकार क्लब ने 9 विकेट पर कुल 57 रन बनाये। जवाब में बी बॉयज ने 61 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच संजय रहे जिन्होंने दो ओवर में 13 रन देकर 4 विकेट लिए। मैच में राकेश जाधव, हरप्रीत सिंघ छाबड़ा, अनिल मिहानी, शिव भारद्वाज, राजकुमार उपाध्याय केलू, अतुल तिवारी, गिरीश पटेल और रोहित नागे ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त किया। पांचवा मैच केसीसी क्लब ने लक्ष्य क्लब को 12 रन से हराकर जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए केसीसी ने 6 विकेट पर 74 रन बनाये। लक्ष्य क्लब केवल 62 रन ही बना सका। मैच में कुलदीप रघुवंशी और उत्तम खाड़े अम्पायर रहे तथा अतिथि अनिल राठी और हैप्पी भाटिया ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दीं। छटवा और आज का अंतिम मैच चाणक्य इलेवन और इंडियन हैदरी क्लब के मध्य खेला गया। इंडियन क्लब ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाये। जवाब में चाणक्य इलेवन केवल 82 रन ही बना सकी और इंडियन हैदरी क्लब ने एक मात्र रन से मैच जीत लिया। अतिथि जयराज सिंह भानू, हैप्पी भाटिया, जगवीर सिंह राजवंशी, बबलू राजवंशी ने शुभकामनाएं दी।

# श्रीराम कथा विश्व कल्याणकारी और लोक मंगलदायिनी है: डॉ. शास्त्री

**21 तारीख को होगा अभिषेक पूजन और विशाल भंडारा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा तट बांद्राभान पर इन दिनों राम कथा की बयार बह रही है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर कथा का रसपान कर रहे है। सोमवार को व्यासगादी से कथा वाचन डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री श्रीराम कथा को विश्व कल्याणकारी बताया।

राम कथा के दूसरे दिन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा व्यास डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी द्वारा भागवत चिंतन सेवा मिशन, श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से संगीतमयी में रामकथा का श्रद्धालुओं ने रसपान किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा विश्व कल्याणदायनी है, लोक मंगलकारी है। प्रभु श्रीराम का आचरण एवं व्यवहार अपनाने से जीवन आनंदमय हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज ने श्रीराम कथा के माध्यम से मानव जीवन संबंधों की महत्ता स्थापित की है।यही वजह है कि श्रीरामचरित मानस में गुरु, माता-पिता, पुत्र-पुत्री, भाई, मित्र, पति-पत्नी आदि का कर्तव्य बोध एवं सदाचरण की सीख हमें सर्वत्र मिलती है। कथा में उन्होंने बताया कि भक्ति मार्ग में सुख शांति का प्रभा है, जहां आनंद की शीतल छाया मिलती है।

### श्रद्धा भवानी और विश्वास शंकर भगवान का प्रतिरुप

तुलसीदास ने रामचरितमानस में श्रद्धा को भवानी और विश्वास को शंकर का प्रतिरूप मानते हुए दोनों की समवेत वंदना की है। कहा कि परमात्मा से जुड़ने के लिए श्रद्धा और विश्वास ही तो साधन बनता है संगीत में राम कथा में मुख्य यजमान राजेंद्र सिंह पूर्व विधायक बुधनी एवं पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश वेयरहाउस, पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर अन्य मौजूद रहें। 21 दिसम्बर को अभिषेक एव विशाल भंडारा रखा गया है जिसमें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम स्थलः नर्मदापुरम से 20 किलोमीटर दूर बांद्राभान बुधनी में। श्री रामकथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक रहेगा।

# तीन किमी की यात्रा कर देवल मंदिर पहुंची बारात



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री देवल मंदिर काली समिति के तत्वावधान में श्रीराम विवाह महोत्सव एवं निशुल्क सामूहिक विवाह के अंतर्गत श्री द्वारिकाधीश मंदिर से श्रीराम बारात और 21 दूल्हों की बारात एक साथ निकाली गयी। श्रीराम विवाह एवं निःशुल्क सामूहिक विवाह उत्सव के लिए श्री देवल मंदिर पुरानी इटारसी को रोशनी और परंपरागत तरीके से सजाया गया था।

श्री राम विवाह महोत्सव की ऐतिहासिक बारात श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर तुलसी चौक से प्रारंभ हुई जो 3 किलोमीटर की यात्रा करते हुए देवल मंदिर पुरानी इटारसी पहुंची। यहां पर प्रभु श्रीराम का सीताजी के साथ विवाह एवं सामूहिक विवाह भी संपन्न हुआ। श्री द्वारिकाधीश मंदिर समिति ने सामूहिक विवाह में शामिल दूल्हे राजाओं का स्वागत किया। मंदिर समिति के सचिव शैलेश नंदकिशोर अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद पगारे, श्री द्वारिकाधीश युवा मंडल के अध्यक्ष विपिन चांडक, मंदिर समिति के प्रबंधक दिनेश सैनी ने भगवान बने पात्रों का पुष्पहारों से स्वागत किया एवं उनकी आरती उतारी।

बता दें कि मंदिर की काली समिति 1984 से यह आयोजन कर रही है और करीब दो हजार से अधिक कन्याओं के निशुल्क विवाह कराये जा चुके हैं। समिति की ओर से दूल्हा-दुल्हन को कपड़े, जेवर व गृहस्थी का सामान भी दिया जाता है। इस आयोजन से वर-वधू दोनों पक्ष विवाह में फिजूलखर्ची से बच जाते हैं। इस दौरान भंडारे में हजारों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# मंदिरों-मस्जिदों से उतारे जा रहे लाउडस्पीकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से मंदिरों और मस्जिदों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटाने का क्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में शनिवार के बाद रविवार को भी शहर के मंदिरों व मस्जिदों पर लगे ध्वनि विस्तारण यंत्रों को हटाने का कार्य किया गया। प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के लगभग सभी मंदिर और मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए गए। जो कुछ बचे है उन्हें भी हटवाया जा रहा है। चेतावनी दी गई कि बिना अनुमति के कोई लाउडस्पीकर नहीं बजाएगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र उतना ही बजेगा जितना किसी को दिक्कत ना हो सके। शासन के निर्देशानुसार दिन में 55 डेसीबल तथा रात में 45 डेसीबल से अधिक पर ना बजाया जाए। सोमवार को आयोजित हुई समयसीमा की बैठक में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सभी एसडीएम से ध्वनि विस्तारक यंत्र के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन कराएं।

### सीएमओ से ली जानकारी

खुले में बिकने वाले मांस को लेकर भी कलेक्टर ने सभी सीएमओ से फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने मीट की दुकानों के संबंध में की कार्यवाही की भी सभी सीएमओ से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग से समन्वय कर सभी निकायों में कैंप आयोजित किए जाएं और फूड लाइसेंस बनाएं जाए।

### विभागों के लक्ष्य निर्धारित कर कलेक्टर ने उन्हें समय पर पूर्ण करने के दिए दिशा-निर्देश

# निर्माण प्रोजेक्ट्स पूरा करने में गति लाएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सभी विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन किया जाएं। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में आधिकारियों को दिए। उन्होंने विभागों के लक्ष्य तय कर उन्हें समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर नल जल योजनाओं को तेजी से पूर्ण कराएं। फरवरी माह के अंत तक 60 प्रतिशत से अधिक हर घर जल घोषित करने की कार्यवाही की जाएं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को जिले में समस्त उप स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब हैल्थ सेंटर्स की कड़ी मॉनिटरिंग का सिस्टम स्थापित करें। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अपने निर्धारित मुख्यालय पर रहें यह सुनिश्चित कराएं। सभी नगर पालिकाओं को कर वसूली की नियमित समीक्षा कर वसूली में गति लाने के निर्देश दिए। उहोंने स्वास्थ्य और नगरीय निकायों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड का शत प्रतिशत वितरण किया जाएं। खाद्य विभाग को निर्देश दिए कि दुकान विहिन पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकानें स्थापित किए जाएं। हितग्रहियों की शत प्रतिशत आधार सीडिंग कराएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बैंक लोन संबंधी समस्त योजनाओं में बैंक सभी प्रकरणों का निराकरण कराएं। राजस्व विभाग द्वारा बी वन का वाचन करा फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज करें और उनका निराकरण कराएं। सीमांकन, नामांतरण और बटवारा के कोई भी प्रकरण लंबित न रहें। स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राउंड टूथिग शत प्रतिशत पूर्ण की जाएं। ताकि फरवरी माह के अंत तक अंतिम प्रकाशन किया जा सके। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ कराएं। जनजातीय कार्य विभाग और अल्प संख्यक एवं ओबीसी विभाग द्वारा अपने छात्राबेस में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर कराएं। सभी निर्माण विभाग द्वारा जिन निर्माण कार्यों में टेंडर हो गए हैं, उन कार्यों को 15 दिवस के अंदर प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास द्वारा कुपोषित और गंभीर कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन के लिए पुनः सघन अभियान चलाया जाएं। बच्चों का आइडेंटिफिकेशन सही ढंग से किया जाए। जिला शिक्षा समन्वयक को जिले में पहली कक्षा में दर्ज बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नर्मदा लोक, नर्मदापुरम नगर में सिवरेज लाइन, फोरलेन निर्माण, दूधी परियोजना ,नादिया पुल निर्माण, सब हेल्थ सैंटर्स निर्माण , एमपीईबी द्वारा नवीन सब स्टेशन निर्माण, पचमढ़ी एयरस्ट्रिप इत्यादि प्रमुख प्रोजेक्ट्स की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने उक्त सभी निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने नर्मदा लोक और सिवरेज लाइन कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश सीएमओ नर्मदापुरम और एमपीयूडीसी के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और उपार्जन संबंधी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में धान उपार्जन सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। खरीदी की गंभीरतापूर्वक मॉनिटरिंग करें। बैठक मेंबताया गया कि जिले में 2750 किसानों से 29315 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई हैं।

## खबर संक्षेप



### गुगनानी को मिली मानद पीएचडी

**बैतूल।** प्रवीण गुगनानी को कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी, अमेरिका से मानद पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्राप्त हुई है। यह पीएचडी (ऑनरिस काजा) उन्हें मप्र के जनजातीय संबंधित लेखन अध्ययन, एवं भारत की जनसंख्या असंतुलन पर अध्ययन व लेखन के लिए प्रदान की गई है। डॉक्टर ऑफ ह्यूमैनिटीज (डीह्यूम) के लिए श्री गुगनानी कोविड कालखंड से प्रयासरत थे। दिल्ली में आयोजित गरिमामय एक कार्यक्रम में पंद्रह दिसंबर को यह उपाधि उन्हें डॉ.प्रो.अनजय, कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी, डॉ.केएल गंजू, कौंसिल जनरल ऑफ यूनियन ऑफ कोमरोस, गौरव गुप्ता, चेयरमैन, ग्लोबल ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी कौंसिल द्वारा भेंट की गई है।

### आज खेले जाएंगे टूर्नामेंट के रोमांचक तीन मुकाबले



**बैतूल।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में स्व.विजय कुमार खंडेलवाल स्मृति टी-10 लीग टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को दिन के तीन मुक़ाबले खेले गए। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं अबीजर हुसैन रहे। टूर्नामेंट के अध्यक्ष रानू वर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के संरक्षक विधायक हेमंत खंडेलवाल और अबीज़र हुसैन के मार्गदर्शन में टी-10 लीग टूर्नामेंट किया जा रहा है। दिन का दूसरा मुकाबला मंडी इलेवन और पुलिस लीजेंड के बीच खेला गया। आज मंगलवार को टूर्नामेंट के रोमांचक तीन मुक़ाबले खेले जाएंगे।

इंदौर-भोपाल हाइवे, सीहोर-इछावर रोड के किनारे काटी जा रहीं अवैध कॉलोनियां

# अवैध कॉलोनाइजरों के हौसले बुलंद छह माह में दोगुनी हुईं कॉलोनियां

श्यामपुर मुख्यालय पर अवैध कॉलोनियों में होने वाली समस्याओं को देखते हुए एसडीएम ने अवैध प्लॉट काटने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ करीब पांच साल पहले मुहिम की शुरुआत की थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



क्षेत्र में जगह-जगह पर लगातार अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। पिछले छह माह से अवैध कॉलोनियों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है, लेकिन कई कॉलोनाइजरों ने कॉलोनी काटने के लिए सरकार से अनुमति अनुमति लेने की जरूरत महसूस नहीं समझी। वहीं स्थानीय प्रशासन इस मामले में जानकर भी अंजान बना हुआ है। सीहोर के अलावा श्यामपुर और दोराहा तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। श्यामपुर में सालों पहले कॉलोनाइजरों की जांच के लिए नोटिस जारी किए थे, लेकिन इस पर अब तक न तो जांच की गई और न ही कोई कार्रवाई की गई, जबकि श्यामपुर व दोराहा जोड़ के चारों ओर अवैध कॉलोनियां कॉलोनाइजरों द्वारा काटी जा रही हैं।

श्यामपुर मुख्यालय पर अवैध कॉलोनियों में होने वाली समस्याओं को देखते हुए एसडीएम ने अवैध प्लॉट काटने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ करीब पांच साल पहले मुहिम की शुरुआत की। थी। इस दौरान तत्कालीन एसडीएम ने तहसीलदार को आदेशित किया था कि अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर एफआईआर कर सभी प्लाटों के अंतरण निरस्त किए जाएं, लेकिन इन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में कॉलोनाइजरों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार अवैध कॉलोनियां काटते जा रहे हैं।

**बुनियादी समस्याओं से जूझते कॉलोनी के लोग :** श्यामपुर और दोराहा के आसपास हाइवे किनारे स्थित खेतों की जमीन पर बिना नियम कानून के प्लाट काटकर कॉलोनियां काटने का काम किया जा रहा है। इस पर अभी तक प्रशासन ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है। इससे कॉलोनाइजरों के हौसले ओर बुलंद हो रहे हैं। देखते ही देखते कस्बा के चारों ओर अवैध कॉलोनियों का जाल फैल गया है। कॉलोनाइजरों के प्रलोभनों में आकर जिन्होंने यहां मकान बनाकर रहना शुरू कर दिया है, उन्हें अब कई मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इन कॉलोनाइजरों को प्रशासन नोटिस देने की औपचारिकता निभा चुका है। इसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### लोगों को रात में निकलने में होती है परेशानी

इन अवैध कॉलोनियों में जिन लोगों ने प्लॉट लेकर मकान बना लिए हैं उनको बिजली की व्यवस्था न होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को अपने घरों में उजाला करने के लिए लंबी दूरी से केवल खींचकर घर में उजाला कर रहे हैं। वहीं कॉलोनियों में लाइट के ना होने से लोगों को अंधेरे में आना जाना करना पड़ता है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### मूलभूत सुविधाएं नहीं होने से तरसे लोग

*क्षेत्र में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों में कॉलोनाइजरों द्वारा किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा नहीं दी जा रही है। इन कॉलोनियों में न तो बारिश के पानी के निकासी के लिए नाली का प्रबंध किया गया है ना ही लाइट और पीने के पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। जबकि नियम अनुसार कॉलोनियों में कॉलोनाइजरों को पीने के पानी, रोशनी के लिए लाइट, सड़क, बारिश के पानी निकासी के लिए नाली सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहिए। इसके अलावा कॉलोनाइजरों को जमीन पर प्लॉट काटने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होती है, लेकिन क्षेत्र के अधिकांश कॉलोनाइजर कॉलोनी काटने के लिए प्रशासन से अनुमति लेने की जरूरत महसूस ही नहीं कर रहे हैं।*

## पुल की रेलिंग अधूरी, हादसों का बना खतरा

**सीहोर।** नगर में कई साल पुराने पुल बने हुए हैं। इनकी मरम्मत भी सालों से नहीं हो सकी है। कई पुल ऐसे हैं जिनकी सालों से रेलिंग नहीं है। पुलों पर रेलिंग नहीं होने से कई हादसे हो चुके हैं। दूल्हा बादशाह के पास जो पुलिया है उसकी कुछ हिस्से की रेलिंग ही नहीं है। इससे वाहन चालकों के गिरने का खतरा बना हुआ है जबकि इस रेलिंग पर बहुत कम खर्च आने वाला है। बिना रेलिंग के पुल और टूटी हुई रेलिंग के कारण जिलेभर में पिछले 10 महीनों में करीब आधा दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी इनकी मरम्मत नहीं की जा रही है। गणेश मंदिर रोड से इंदौर नाका की तरफ जाने वाले रोड पर बने करबला पुल पर भी रेलिंग नहीं है। जबकि यहां पर कई हादसे हो चुके हैं। इसी तरह अंबड नदी और दोराहा पुल से गेहूं और चावल से भरा ट्रक पुल से नीचे गिर गया था। पुराने पुल हो रहे जर्जर जिलेभर में जर्जर और बिना रेलिंग के पुलों पर कई हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी संबंधित विभाग मरम्मत का कार्य नहीं करा रहे हैं।

बड़ा हादसा होने से टला

## बैतूल में हाईवे पर कोहरे की वजह से पलटा पेट्रोल टैंक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल में भोपाल नेशनल हाईवे-69 पर सुबह कोहरे की वजह से एक पेट्रोल टैंकर पलट गया। इस घटना में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है, लेकिन टैंकर हाईवे से उतरकर पलट गया। नेशनल हाईवे 69 पर बरेठा से लेकर भौरा तक निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर जगह-जगह डायवर्जन कर दिया गया है। ऐसे में कोहरे के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। यही शाहपुर बाइपास पर पिछले दिनों एक कार दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण चार लोग घायल हुए थे। जिन्हें भोपाल में भर्ती किया गया था। गुरुवार की सुबह भी उसी स्थान पर एक पेट्रोल टैंकर दुर्घटना हुई. जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा से पेट्रोल खाली करके इटारसी जा रहा टैंकर (एमपी 06 जीए 1831) शाहपुर बाइपास पर गुरुवार की सुबह रोड डायवर्ट होने के कारण रोड से नीचे जा गिरा। हालांकि इस दुर्घटना में वाहन चालक को ज्यादा चोट नहीं आई हुई है।

दमोह में उतारी बॉडी

## खंडवा जा रहे बैतूल के युवक की ट्रेन में मिली लाश



**बैतूल।** शहर के लोहिया वार्ड में रहने वाले एक युवक की लाश दमोह में कामायनी एक्सप्रेस से उतारी गई। यह युवक खंडवा जाने के लिए ट्रेन में चढ़ा था, लेकिन अज्ञात कारण से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अधिक ठंड के कारण युवक की मौत हुई है। फिलहाल रेलवे पुलिस मामले में जांच कर रही है. सूचना पर बैतूल से परिजन दमोह के लिए रवाना हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार बैतूल शहर के लोहिया वार्ड में रहने वाला वसीम खान 33 वर्ष कामायनी एक्सप्रेस में सवार होकर जनरल कोच से खंडवा जा रहा था। इस दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के कान में हेडफोन लगा हुआ है। ट्रेन के दमोह पहुंचने पर वहां यात्रियों ने जब देखा, तब रेलवे पुलिस को इसकी सूचना दी और पुलिस ने शव को उतार कर दमोह जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक वसीम खान के परिजनों को रेलवे पुलिस ने सूचना दी। मौत का कारण अज्ञात है, लेकिन पुलिस ने प्राथमिक स्तर पर अधिक ठंड के कारण मौत होना बताया है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## आधुनिक खेती-ड्रोन पायलेटिंग का प्रशिक्षण लेंगे किसान, शासन देगा अनुदान

विकसित भारत संकल्प यात्रा



**बैतूल।** शासन द्वारा किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने के उद्देश्य से ड्रोन की मदद खेती में किस प्रकार उपयोगी हो सकेगी, इसके लिए सर्वप्रथम ड्रोन पायलेटिंग के प्रशिक्षण के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया। केरपानी और कुम्हली पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगभग 150 किसानों की उपस्थिति में ड्रोन का संचालन/प्रदर्शन किया गया। किसानों को बताया कि ड्रोन की सहायता से कृषि कार्य को और भी सरलता से कैसे किया जा सकता है। ड्रोन के माध्यम से फसलों पर कीटनाशकों का छिडक़ाव करना आसान हो गया है। कृषि ड्रोन इस कार्य को पारंपरिक तरीके की तुलना में बहुत तेजी और बेहतर तरीके से अंजाम दे सकता है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को ड्रोन अनुदान की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय की वेबसाइट पर आवेदन कर ड्रोन अनुदान प्राप्त किया जा सकता है। कृषकों का ड्रोन पायलट प्रशिक्षण 7 दिवस का होता है, जिसमें 10वीं पास एवं वोटर आईडी की आवश्यकता होती है। शासन द्वारा इसके लिए 15000 रूपए फीस+जीएसटी राशि निर्धारित की गई है। पायलट लाइसेंस प्राप्त करने के उपरांत 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषक ड्रोन क्रय कर सकते है।

### सांसद उईके ने किया स्वागत

*विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ रविवार को भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम केरपानी पहुंचा। इस दौरान बैतूल-हरदा सांसद डीडी उईके द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। शासन द्वारा क्रियान्वित योजनाओं को अंतिम पंक्ति के हितग्राही तक पहुंचाने के उद्देश्य एवं लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम संचालित हुआ। शासन की योजनाओं के तहत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना अंतर्गत कृषक कमलेश सिरसाम को थ्रेसर खरीदी पर 2.5 लाख के थ्रेसर पर 1 लाख का अनुदान, कृषक संतराम वास्कर को भी थ्रेसर खरीदी पर 1 लाख अनुदान प्राप्ति पर प्रमाण पत्र, कृषक परमसुख वडोरे को डीपर कमवाइंडर पर 2,50,000 अनुदान प्रमाण प्रत्र प्रदान किए गए।*

विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रथम दिन...

## खेड़ी में यात्रा का ग्रामवासियों ने किया भव्य स्वागत




**बैतूल।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रथम दिन रविवार को बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम खेड़ीसांवलीढ़ पहुंची। ग्रामवासियों ने यात्रा का भरपूर उत्साह एवं सुसज्जित मंच के साथ यात्रा का स्वागत किया। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर अगले गंतव्य के लिए रवाना किया। संकल्प यात्रा के साथ चल रही मोबाईल वैन पर लगे एलईडी स्क्रीन पर वीडियो स्पॉट के माध्यम से ग्रामवासियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। वीडियो स्पाट के माध्यम से उन हितग्राहियों के अनुभव भी साझा किए गए, जिन्होंने शासन की योजनाओं के माध्यम से ऋृण लेकर अपने लघु एवं कुटिर उद्योगों, काम धंधों को स्थापित किया। कई महिलाओं ने ना केवल स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर ब, बल्कि अन्य महिलाओं को अपने व्यवसाय से जोडक़र उन्हें भी आत्मनिर्भर बनने का गौरव प्रदान किया।

## शासकीय महाविद्यालय में हुआ विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

### स्वास्थ्य केंद्र के आठ कर्मचारियों की टीम ने लिए ब्लड सैंपल



**मुलताई।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे स्वास्थ परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर वर्षा खुराना के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के 8 लोगो की टीम ने ब्लड टेस्ट में थायराइड, हिमोग्लोबिन, लीवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, कैल्शियम, आयरन, प्रोफाइल टेस्ट के लिए विद्यार्थियों का ब्लड सैंपल लिया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में विधार्थियो ने अपना स्वास्थ परीक्षण करवाया ब्लड टेस्ट शिविर में महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति अध्यक्ष जायस संघवी ने प्राचार्य के द्वारा कराए गए शिविर का निरीक्षण किया एव प्राचार्य के निर्देशन में कराए गए इस शिविर की प्रशंसा की एवं इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण से आए हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां मिल जाती है जिससे स्वास्थ्य के प्रति वे सजग रहे हॉस्पिटल से पधारे सतीश रसोले ,दीपक पठाडे ,हेमंत पारधे,जितेंद्र फाटे,नितिन वरकड़े आई सी टी सी सेंटर मुलताई ने बताया की हमारे देश के युवा ज्यादातर अपना स्वास्थ परिक्षण नहीं करते जिसके कारण वे जल्दी ही बीमारियों के शिकार हो जाते है।और वे जान भी नहीं पाते है की उन्हे हुआ क्या है।ऐसे में महाविद्यालय द्वारा लगाया गया ये शिविर विद्यार्थियों को कई स्वास्थ समस्याओं से लाभ देगा।और भविष्य में स्वास्थ के प्रति सजग रहेगा जिससे एक स्वस्थ भारत का निर्माण हो सकेगा ।महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी शिविर में अपना स्वास्थ परीक्षण करवाया ।स्वास्थ केंद्र की टीम,ने बताया की 1 हफ्ते में इसकी रिपोर्ट आएगी जिससे सभी विद्यार्थी एवं महविद्यालय स्टाफ यह जान पाएगा की उन्हे अपने स्वास्थ के लिए क्या सावधानियां रखने की आवश्यकताएं है।

सामाजिक एकता पर दिया जोर

## वैश्य समाज कैलेंडर विमोचन में शामिल हुए उमाशंकर गुप्त




**मुलताई।** पवित्र नगरी के ताप्ती तट पर वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की तहसील ईकाई का कर्लेडर विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता द्वारा कैलेंडर का विमोचन किया गया। वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष तपन मोनु)खंडेलवाल ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस कैलेंडर में सामाजिक स्तर की सभी जानकारियां होती हैं जिसे निशुल्क वितरण किया जाता है। कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमाशंकर गुप्ता ने सामाजिक एकता पर जोर दिया। उन्होंने वैश्य समाज के किये गए कार्य की जानकारी दी तथा भोपाल में बन रहे भवन की भी जानकारी दी और संगठन के पदाधिकारीयों से संगठन के लिए सदस्यों की संख्या बढाने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष तपन खंडेलवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सामाजिक बंधुओ का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश, राजीव खंडेलवाल, जगमोहन अग्रवाल, नितिन जैन, देवेंद्र धोपाडे, संदीप गुप्ता, योगेंद्र जैन, ओ पी अग्रवाल एवं अन्य सामाजिक बंधु बडी संख्या मे उपस्थित रहे ।

ग्रामीणों का आरोप: मिट्टीयुक्त रेत से हो रहा निर्माण कार्य

## झल्लार में बन रहे सामुदायिक भवन में गुणवत्ता दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

झल्लार पंचायत में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि भवन निर्माण में घटिया सामग्री और मटेरियल उपयोग हो रहा है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी भी है। दरअसल झल्लार पंचायत द्वारा 15वें वित्त और मनरेगा के तहत करीब 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनाया जा रहा है। इस भवन में दिखावे के लिए रेत का रखी है, जबकि मिट्टी युक्त रेत से जुड़ाई का काम चल रहा है। वहीं लोहे की सरिया में भी जंग लगा है। सीमेंट की मात्रा भी मानकों के अनुसार नहीं डाली जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत ने निर्माण कार्य मिस्त्री और मजदूरों के भरोसे छोड़ दिया है। अधिकारी भी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने नहीं पहुंच रहे है। जिसके कारण सामुदायिक मंगल भवन निर्माण भगवान भरोसे चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सामुदायिक भवन का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हुआ तो इस भवन के भविष्य में गिरने की संभावना रहेगी। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से उक्त निर्माण कार्य की सूक्ष्मता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाही किये जाने की मांग की है।

### जंग लगी सरिया का हो रहा इस्तेमाल

सामुदायिक भवन में जंग लगी सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो नियमों के विरूद्ध है। ग्रामीणों का कहना है कि इन्हीं जंग लगी सरिया का कालम में इस्तेमाल किया है, जो सरिया पहले से जंग लगी है, वह गीले में रहने से और जंग लग जायेगी। जिससे भवन की मजबूती पर संदेह रहेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच-सचिव की मनमानी के कारण मापदंडों का पालन नहीं हो रहा है। जिस ईंट से दीवारे जोड़ी जा रही है, वह भी मजबूत नहीं है। गिट्टी, रेत का मसाले में भी सीमेंट का कम इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में भवन निर्माण में हो रही लापरवाही को लेकर रोष व्याप्त है।





### कार्रवाई की जाएगी

मुझे आपके माध्यम से जानकारी मिली है। मैं खुद निर्माण स्थल का निरीक्षण करता हूं। यदि लापरवाही मिलती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशांत गायकवाड़,**
सब इंजीनियर, जनपद पंचायत भैंसदेही

### दिखावे के लिए रखी रेत

*निर्माण स्थल पर जो रेत रखी है, उसका इस्तेमाल न कर मिट्टीयुक्त रेत से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब कोई अधिकारी या मीडिया से लोग पहुंचते है तो अच्छी वाली रेत से काम शुरू कर दिया जाता है अन्यथा मिट्टीयुक्त रेत से दीवारे जोड़ी जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि निर्माण स्थल पर दो जगह अलग-अलग रेत पड़ी हुई है। सामने भौरा रेत खदान की रेत रखी है, जिससे कि यह लगे कि काम गुणवत्तापूर्ण हो रहा है, जबकि भवन के पीछे भी रेत का ढेर लगा हुआ है, जो मिट्टीयुक्त है और इसी रेत से निर्माण किया जा रहा है।*

### अधिकारी नहीं उठाते फोन

*जिस स्थान पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है, वहां निर्माण से संबंधित बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। जिससे कि यह ज्ञात हो सके कि सामुदायिक भवन की लागत, निर्माण एजेंसी और निर्माण की अवधि के बारे में जानकारी मिल सके। इसके अलावा जनपद पंचायत सीईओ भी जानकारी देने से परहेज करते है। अधिकारियों को निर्माण संबंधित जानकारी के लिए फोन लगाते है तो अधिकारी फोन तक रिसीव नहीं करते है। जिसके कारण सहीं और सटिक जानकारी नहीं मिल पाती है। अधिकारियों की कार्यप्रणाली और निर्माण एजेंसियों की लापरवाही से आमजनता में रोष है।*

## खबर संक्षेप

### रघुवीर किसान मोर्चा और विनीत भाजपा मंडल में उपाध्यक्ष मनोनित




**शोभापुर।** भारतीय जनता पार्टी शोभापुर मंडल में नियुक्तियों का दौर चल रहा है। शोभापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित पटेल ने बताया कि आज भाजपा मंडल शोभापुर में उपाध्यक्ष के पद पर विनीत पुरी वा किसान मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष पर रघुवीर सिंह पुर्विया को मनोनीत किया है। उक्त नियुक्तियां मंडल अध्यक्ष ललित पटेल के लेटर पेड पर उनके हताक्षर से हुई हैं ।

### विधायक और विस प्रभारी का किया तुलादान

**पिपरिया।** विधानसभा क्षेत्र 139 की ग्राम पंचायत खैरूवा के ग्राम उदयपुरा में चुनाव चौथी बार जीतने के बाद विधायक ठाकुरदास नागवंशी, विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, राजा भैया पटेल, पुरुषोत्तम रघुवंशी, अरविंद राय एवं भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के द्वारा चुनाव जीतने के बाद पहुंचे विधायक एवं विधानसभा प्रभारी का तुलादान किया। तराजू में बिठाते हुए ग्राम वासियों के द्वारा अनाज के माध्यम से तुलादान किया गया और अतिथियों को मंचासीन करते हुए पुष्पहार से सभी का स्वागत सम्मान किया गया। शाल श्रीफल के साथ दोनों का सम्मान ग्राम वासियों के द्वारा करते हुए मिष्ठान वितरण की गई पटाखे भी फोड़ गए और ग्राम वासियों के द्वारा विधायक के 3 वर्ष के कार्यकाल पर वक्त ओके द्वारा प्रकाश डाला गया। वहीं पर ग्राम वासियों के द्वारा ग्राम पंचायत में विकास की बात को लेकर विधायक के समक्ष मांग पत्र प्रस्तुत किया।

### नाला मोहल्ले के निवासियों ने दिया मेहरा समाज का साथ

# योगेश के हत्यारों को फांसी देने की मांग, सड़क पर उतरे लोग

योगेश के हत्यारों को फांसी देने और उनका अवैध कब्जे में बना मकान तोडऩे की मांग लेकर सोमवार को मेहरा समाज के लोगों के साथ नाला मोहल्ला की जनता ने भी विरोध प्रदर्शन किया।



**सैंकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर जयस्तंभ चौक पर धरना दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नाला मोहल्ला से जुलूस की शक्ल में निकले सैंकड़ों लोग ' हत्या करने वालों को फांसी दो सालों को', 'योगेश को इंसाफ दो' जैसी नारेबाजी करते हुए शहीद स्मारक जयस्तंभ चौक पर पहुंचे और यहां चारों आरोपियों को फांसी और उनका अवैध कब्जे का मकान तोडऩे की मांग लेकर नारेबाजी करते हुए धरना दिया। जयस्तंभ चौक से ये सभी लोग जुलूस लेकर पुलिस स्टेशन पहुंचे जहां टीआई गौरव सिंह बुंदेला को ज्ञापन देकर अपनी मांगें दोहरायी। आंदोलनकारियों के हाथों में आरोपियों की फोटो लगी तख्तियां थीं, जिनमें आरोपियों के हाथों में चाकू, तलवार, पिस्टल भी थीं।

#### मृतक योगेश के माता-पिता

टीआई ने कहा कि चारों आरोपियों को उसी रात हिरासत में ले लिया था और अब उनको जेल भी भेजा जा चुका है। जहां तक फांसी जैसी मांग का सवाल है, यह अदालत का मामला है और हम अपनी ओर से केस तैयार करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे। मकान तोडऩे का अधिकार पुलिस के पास नहीं है। इसके लिए समाज ने एसडीएम नीता कोरी से बातचीत की। उन्होंने मीटिंग में होने का हवाला देकर तहसीलदार को ज्ञापन लेने पुलिस थाने भेजा। विधायक कार्यालय से भी प्रशासन से बात करके उचित कार्रवाई करने को कहा गया।

#### गलत बयान पर नाराजगी जताई

समाज के लोगों ने इस बात पर नाराजी जतायी कि पुलिस ने मीडिया को यह बताया कि योगेश ने आरोपी शिब्बू की मां को गाली दी थी, इसलिए यह घटना हुई। लोगों का कहना है कि योगेश इस तरह का लड़का नहीं था, यह घटना अड़ीबाजी की है। योगेश से आरोपियों ने अड़ीबाजी करके पैसों की मांग की थी, उसके विरोध करने पर उसकी बेरहमी से हत्या करके उसे घसीटकर नाली में फैका गया है, इस पर टीआई ने कहा कि आप लोगों ने पुलिस को ऐसी कोई जानकारी क्यों नहीं दी। पूछताछ में आरोपियों ने जो बताया, वही मीडिया तक पहुंचा है।

#### पुलिस गश्त बढ़ाना चाहिए

पार्षद कुंदन गौर ने कहा कि हमारे वार्ड क्षेत्र में अपराध बढ़ रहे हैं, पुलिस को यहां गश्त बढ़ाना चाहिए। अब योगेश मेहरा की हत्या के बाद जनता आंदोलित है। उसे इंसाफ मिलना चाहिए। पुलिस को चाहिए कि कड़ी से कड़ी सजा आरोपियों को मिले, ऐसा प्रकरण तैयार करे। हम जल्द ही इस मामले को लेकर विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा से भी मिलेंगे। आरोपियों के मकान पर बुलडोजर चलना चाहिए, वे आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ इस जिले के अलावा भी अन्य जिलों में अपराध दर्ज हैं। ये निरंतर अपराध में लिप्त रहते हैं। मुख्य आरोपी तो कुछ दिन पूर्व ही जेल से आया है।

**प्रतिवेदन तैयार कर रहे**

प्रकरण विवचेना में है, हम लोग केस की मजबूती के लिए साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं ताकि कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जा सके। मकान तोडऩे जैसी मांग के लिए उनको एसडीएम के पास आवेदन करने को कहा है। जिन लोगों को धमकाया जा रहा है, उनसे आवेदन लेकर कार्रवाई करेंगे, संबंधित क्षेत्र में गश्त बढ़ाएंगे। आपराधिक प्रवृत्ति के जमानत पर आये बदमाशों का प्रतिवेदन न्यायालय में पेश किया है और भी प्रतिवेदन तैयार कर रहे हैं।

**गौरव सिंह बुंदेला,** टीआई, इटारसी

# खेड़ापति मंदिर के सामने शराब दुकान हटाने के लिए छात्राओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



नगर के खेड़ापति माता मंदिर के सामने पिछले कई वर्षों से शराब दुकान संचालित की जा रही है एवं बनखेड़ी के अनेक मोहल्ले तथा ग्रामों में कच्ची शराब बनाने एवं बेचने का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। इसी अवैध शराब बिक्री एवं खेड़ापति माता मंदिर के सामने से शराब का ठेका हटाए जाने की मांग को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने तहसील कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की है कि शीघ्र खेड़ापति माता मंदिर के सामने से शराब का ठेका हटाया जाए, खेड़ापति माता मंदिर के सामने ठेका खोले जाने के समय भी इसका विरोध पुरजोर तरीके से किया गया था परंतु शासन प्रशासन की सह के कारण ठेका वर्षों से आज भी खेरोपति माता मंदिर के सामने ही संचालित हो रहा है, नगर के मध्य एवं धार्मिक स्थल के समीप संचालित हो रहा ठेका नियम विरुद्ध है, परंतु बावजूद इसके लगातार कई वर्षों से ठेका उस स्थान पर संचालित किया जा रहा है नगर के लोगों की आस्था का केंद्र खेड़ापति माता मंदिर के ठीक सामने शराब का ठेका होने से आसपास का माहोल बेहद खराब है यह पूजा अर्चना करने जाने वाले लोग एवं महिलाएं भी अपने आप को आसहज एवं असरक्षित महसूस करती हैं स्कूली छात्र छात्राओं ने एवं नागरिकों ने ज्ञापन देकर मांग की है कि शीघ्र शराब ठेका खेड़ापति माता मंदिर के सामने से हटाया जाए और जगह गली मोहल्ले में शराब की बिक्री पर रोक लगे।

# कुसुम महाविद्यालय को एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम ने शारीरिक शिक्षा विभाग, बरकतुल्ला विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महाविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ अनुराग पथक ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थी राजवीर रघुवंशी ने संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीता। संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विधि मालवीय का 400 मीटर रेस में, गौतम का भला फेंक में, शिवानी यूइके का गोला फेंक एवं अन्य छात्र छात्राओं ने अन्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाई देकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर डॉ कल्पना स्थापक, प्रो एससी अग्रवाल, डॉ योगेश खंडेलवाल, डॉ जया कैथवास, डॉ आरती पडियार, विजयश्री मालवीय, सुमन यादव, प्रशांत चौरसिया, डॉ रश्मि सोनी, नवनीत सोनारे, गीता डोंगरे, कैलाश गड़वाल, डॉ प्राची सिंह, रोहित मालवीय तथा समस्त स्टाफ द्वारा प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान की गई।

### बाघदेव एरिया में जुआ खेल रहे आधा दर्जन धराए

**इटारसी।** पथरोटा पुलिस ने इटारसी के आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को सतपुड़ा के जंगल में जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। इनमें से अधिकांश संभ्रांत माने जाते हैं। पुलिस के अनुसार सतपुड़ा के बाघदेव एरिया में शरददेव बाबा मंदिर रोड के किनारे खुले टप्पर में कुंडी के पास इटारसी के आठ जुआरियों को जुआ खेलते रविवार की रात पौने 11 बजे गिरफ्तार किया है। इनके पास से ताश गड्डी के अलवा 35 हजार रुपए भी जब्त किये हैं।

पुलिस ने सोनू पिता ज्ञानचंद जैन 49 वर्ष, विकास पिता श्याम सुंदर अग्रवाल 48 वर्ष, अप्पू उर्फ सौरभ पिता जुगल किशोर अग्रवाल, दुर्गेश पिता सुंदरलाल प्रजापति 38 वर्ष, पंकज पिता रामगोपाल माहेश्वरी 45 वर्ष, रंजीत पिता घनश्याम चौरे 38 वर्ष, आशीष पिता गोविन्द प्रसाद अग्रवाल 50 वर्ष और अजय जैन 58 वर्ष को गिरफ्तार किया है। ये सभी इटारसी के रहने वाले हैं। इनके खिलाफ 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स माप शिविर में 125 दिव्यांगों को लगेंगे कृत्रिम अंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




नारायण सेवा संस्थान और रोटरी क्लब की मदद से 125 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ पर लगेंगे। इसकी बदौलत न केवल वह चल सकेंगे बल्कि रोजमर्रा के काम भी कर सकेंगे। रविवार को नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स माप शिविर में देर शाम तक दिव्यांगजनों की निशुल्क जांच हुई। नर्मदापुरम, हरदा व बैतूल जिले के अलावा अन्य शहरों से शिविर स्थल पर आकर 256 दिव्यांग जनों ने पंजीयन करवाया था। इनमें से 125 दिव्यांगजन कृत्रिम अंग के पात्र पाए गए। इनके अलावा 6 दिव्यांगों को ऑपरेशन के लिए उदयपुर बुलाया गया है जहां उनके इलाज, भोजन व आवास की मुफ्त व्यवस्था होगी। यह शिविर डॉ. एनआर खंडेलवाल की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी पुष्पादेवी खंडेलवाल के सहयोग न्यास कॉलोनी बायपास पर जगदंबा मैरिज गार्डन में लगा था। मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार के सचिव आरके खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में कहा सेवा के क्षेत्र में नारायण सेवा संस्थान का नाम सब जानते हैं। रोटरी क्लब ने मानवता की सेवा के लिए जो बीड़ा उठाया है वह प्रेरक व सराहनीय है। जिन्होंने अपना अंग खो दिया है उन्हें सरकार ने दिव्यांग नाम इसलिए दिया ताकि समाज की सोच बदले। उनके प्रति सकारात्मक रवैया हो। उनके प्रति दया का नहीं सम्मान का भाव होना चाहिए। रोटरी के एक सीनियर सदस्य की स्मृति में यह सेवाकार्य नई पहल है। अध्यक्षता कर रहे हैं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने मानव सेवा के कार्यों की सराहना की। मंच से नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सेवाभावी कार्यों में सहयोग देने का आश्वासन दिया। सिविल अस्पताल से अधीक्षक डॉक्टर राकेश चौधरी ने शिविर में 5 नर्स एवं पंच वार्ड ब्वॉय भेजे। शिविर स्थल पर रोटरी क्लब ने सुबह से ही चाय नाश्ते और भोजन की व्यवस्था कर रखी थी।

**इनकी सहभागिता**

रोटरी अध्यक्ष नारायण चौरसिया, सचिव संदेश अग्रवाल, प्रायोजक संदीप खंडेलवाल, शिविर संचालक रामनाथ चौरे, विजय अग्रवाल, मोहन खंडेलवाल, ललित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल सूर्या, पंकज गोयल, सत्यम अग्रवाल, सुनील दर्डा, अजय पटेल, अशोक सांवरिया, बेनीशंकर शर्मा, श्रीकांत मौलासरिया, डॉ सुनील देवानी, मेघराज राठी, नवनीत कोहली, एड. दीपक जैन, रितेश माहेश्वरी, निपुण गोठी, प्रशांत जैन, रचित अग्रवाल, रमेश साहू, रोहित बवेजा, संतोष सोनी, सिद्धार्थ गोठी, सुनील पाठक, विजय राठी, विवेक चांडक, विशेष नंदवानी, प्रताप सिंह सोखी, नवीन नवलानी, नमिता शर्मा, पारुल गोठी, इनरव्हील क्लब से कीर्ति दुबे, जूही चौहान, प्रीति अग्रवाल, सुनीता चौरे व अन्य।

# कम उम्र के बच्चों में बढ़ रहा है टीबी का रोग

**कारण बच्चों में कुपोषण की समस्या होना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

इन दिनों स्वास्थ्य विभाग के क्षय रोग विभाग के अधिकारी क्षय रोग को जिले से जड़ से खत्म करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। हालांकि स्वास्थ्य शिविर लगाने के दौरान कुपोषित बच्चों में क्षय रोग के लक्षण मिलने से वह भी चिंतित हैं। जिनका उपचार आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं की देखरेख में किया जा रहा है। साथ ही उनके परिजनों के भी सैंपल लिए जा रहे हैं। इस दौरान यह भी देखा जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति के आसपास रहने वाले लोगों में भी कहीं क्षय रोग के लक्षण तो नहीं है।

उनकी भी जांच हो रही है। पिपरिया में भारत विकास यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत हथवास में क्षय रोग (टीवी) जांच शिविर लगाया गया। सिविल अस्पताल में पदस्थ क्षय रोग विशेषज्ञ योगेंद्र दुबे ने बताया कि ग्रामीण इलाके के बच्चों की जांच के दौरान कुछ में क्षय रोग के लक्षण मिले हैं। हालांकि वर्तमान समय में क्षय रोग का इलाज इलाके में उपलब्ध है। वहीं जिला मुख्यालय से भी अधिकारी जांच के लिए बार-बार ग्रामीण इलाकों का दौरा करते हैं। आशा और ऊषा कार्यकर्ता के माध्यमों से ऐसे लक्षण वाले रोगियों की पहचान की जा रही है। वहीं प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश सहित जिले से 2025 में क्षय रोग पूरी तरह समाप्त हो जाए। उस पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। प्रत्येक माह 1 से 2 बच्चों में टीवी के लक्षण देखने को मिलते हैं। जिन्हें तत्काल जांच के बाद उपचार मुहैया कराया जाता है। उन्होंने बताया कि कुपोषण के कारण बच्चे टीवी रोक की शिकायत मिल रही है। उन्होंने बताया कि महिला बाल विकास विभाग को शासन के द्वारा कुपोषण एवं सुपोषण की जांच की जानकारी के साथ जवाबदारी दी गई है। सिविल अस्पताल में कुपोषित बच्चों को भर्ती करके देखरेख के लिए स्टाफ की व्यवस्था भी है। परिजनों को बच्चों को देखरेख करते हुए उन्हें पोषण युक्त भोजन कराएं, जिससे उनकी कमजोरी दूर हो सके और वह इस रोग से मुक्ति पा सकें। भोजन के साथ ही परिजनों को भी स्पष्ट तौर पर सलाह दी जा रही है।

# सोहागपुर विधानसभा से चौथी बार विजयपाल सिंह ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर विधान सभा के गठन के बाद से ही विजयपाल सिंह अब तक विधायक हैं। 2008 से अस्तित्व में आई सोहागपुर विधान सभा में भारतीय जनता पार्टी के विजयपाल सिंह ने कांग्रेस के उम्मीदवारों को शिकस्त देते हुए अब तक चार बार विधायक बन चुके हैं । मध्य प्रदेश के 16 वीं विधान सभा सत्र में प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव के समक्ष विजयपाल सिंह ने विधायक पद की शपथ ली ।

#### विजयपाल सिंह को मंत्री पद मिलने की संभावना

विधायक विजयपाल सिंह का राजनैतिक सफर उनके बड़े भाई राजेंद्र सिंह से शुरू होता है । बुदनी से विद्यायक चुने गए राजेंद्र सिंह ने शिवराज सिंह चौहान के कारण जब सीट छोड़ी तो परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई सोहागपुर विधान सभा को राजेंद्र सिंह के स्थान पर विजयपाल सिंह को विरासत में मिली। तब से लेकर विजयपाल सिंह ने पीछे मुड़कर नही देखा और शिवराज सिंह के करीबी होने का लाभ विधान सभा को दिलाते रहे हैं । उन्होंने अपने तीन पंच वर्षीय कार्यकाल में सड़को से लेकर सीएम राइज स्कूल की सौगात दिलाने का कार्य किया है । ऐसी चर्चा है शिवराज सरकार में उन्होने मंत्री पद ना मांगा है और ना देने पर विचार किया गया है क्योंकि वह सरकार के बहुत भरोसेमंद और करीबियों में शुमार होने के बाद विकास कार्यो को बिना मंत्री पद के रहते हुए करवा लेते थे । अब जब मोहन सरकार का गठन हुआ है तो संभावना और उम्मीद की किरण विधान सभा को मंत्री पद की ओर लगी हुई है। यह उम्मीद और विश्वास इसलिए भी उमंग और उत्साह से लबरेज है क्योंकि मोदी और शाह की जोड़ी अप्रत्याशित निर्णय लेते हुए सबको चौंका रहे है। तीन बार के विधायक को जब सीएम के पद से सुशोभित कर सकते हैं तो फिर विजयपाल सिंह तो विधान सभा में अभी तक कोई चुनाव हारे ही नही हैं। वह लगातार चार विधायक जनता द्वारा चुने गये हैं। ऐसी उम्मीद कि आगामी एक दो दिन में मंत्रिमंडल का गठन हो सकता है से इंकार नहीं किया जा सकता है और जब आपके विद्यायक फिलवक्त तक अजेय हों तो फिर उन्हे विधायक से मंत्री पद मिलने की उम्मीद उनकी विधान सभा के लोग तो करेंगे। विधान सभा के राजनैतिक गतिविधियों पर पैनी निगाह रखने वालों के अनुसार विजयपाल सिंह को मंत्री पद दिया जाना चाहिए क्योंकि मंत्री पद मिलने से विधान सभा में विकास की उम्मीदें और अधिक सुदृढ़ होंगी ।

### मेथडिक्स इंग्लिश मीडियम स्कूल की मनमानी के खिलाफ

# अभाविप ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



मेथडिक्स इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा फिर एक बार बड़ी लापरवाही सामने आई। दो विद्यार्थियों को अर्धवार्षिक परीक्षा में यह कह कर भगा दिया गया कि फ़ीस जमा नहीं है। जब कि एक विद्यार्थी आरटीई के मध्य से स्कूल में पढ़ रहा था। जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता बात करने गए तो प्रबंधक द्वारा सही जानकारी न देते हुए कहा कि हमारे द्वारा आरटीई बंद कर दी गई है और संतुष्ट जवाब नहीं दे पाए। स्कूल प्रबंधन विद्यार्तीयो के भविष्य के साथ खिलवाड़ के साथ साथ स्कूल प्रबंधन ने भारत माता के सम्मान को भी ठुकरा दिया। जिससे विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता आंदोलन करने लगे और 2 विद्यार्थियों को पुनः एडमिशन कर उनकी पड़ाई चालू करवाई जाए और स्कूल के प्रिंसिपल कक्ष में भारत माता की फोटो लगाई जाए। जिसमें स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रिंसिपल ऑफिस में ताला डाल कर भारत माता की फोटो लगाने से माना कर दिया गया। अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रूपेन्द्र साहू बताया की 5 दिन पहले प्रिंसिपल मैडम से दोनों विद्यार्थियों की बात करने जब स्कूल आए थे जब मैडम से अग्रह किया था कि जब ऑफिस में इतनी सारी फोटो लगी है तो स्कूल में भारत माता की भी फोटो लगाना चाहिए इसी विषय पर हमार आंदोलन था आंदोलन के बाद स्कूल प्रबंधन ने हमारी दोनों बातों को माना और हमने भारत माता की आरती कर ऑफिस में फोटो लगाई अभाविप के नगर मंत्री राज यादव ने बताया की स्कूल द्वारा इस से पहले भी कई बार गड़बड़ कर चुके हैं आंदोलन में मुख्य रूप से मोहित,हर्षित, हिमांशु पाल, चंद्रेश, वर्षा, शोभा, चेतन, रीतिक आदि कार्यकर्ता उपास्थित थे।

**सड़कों पर मवेशियों का राज**

# सड़क पर वाहनों और लोगों का चलना दूभर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

नगर में आवारा को वंश की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है। कभी-कभी तो यह आवारा भविष्य स्टेट हाईवे पर आपस में लड़ते हैं। जिससे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। क्षेत्र वासियों की हमारे प्रदेश के मुखिया का नाम भी मोहन है और मोहन का नाम गौवंश के संरक्षण के लिए जाना जाता है। नई सरकार से अपेक्षा है कि जल्दी ही इन आवर गोवंश के संरक्षण एवं इनके विस्थापन की उचित व्यवस्था की जाए जिससे इन लावारिस गोवंश को रहने के लिए ठिकाना मिल सके।

# बच्चों ने अपने हुनर दिखाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



ग्रामीण अंचल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बी जमानी में आदिवासी अंचल से आने वाले बच्चों ने अपने हुनर दिखाएं आपको बता दें कि कक्षा छठवीं के बच्चे जो कि ग्रामीण अंचल खारीखेड़ा से आते हैं उसमें से कुछ बच्चे स्कूल नहीं आते थे तब स्कूल से शिक्षकों ने उन्हें कुछ सजावट के सामान दिए कुछ खेल में उनका मन आकर्षित किया और उन्हें कुछ अपना हुनर दिखाने को कहा गया जिसे उन्होंने कुछ सामग्रियों से स्कूल के लिए सजावट हेतु कुछ गिफ्ट तैयार किए । शाला के प्राचार्य अशोक साहू ने बताया है कि बच्चों की उपस्थिति बड़े स्कूल के प्रति उनका मन आकर्षित हो इसलिए कुछ नए नवाचारों द्वारा बच्चों को सामग्री देकर कुछ नया करने का प्रयास किया गया है अब बच्चे लगातार स्कूल आ रहे हैं। बच्चों को शाला में सम्मानित भी किया इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्रधान पाठक, रुक्मणी धाकड़, शिक्षिका सोनिया रघुवंशी, पूजा भिलाला के आर मांडवी राजेंद्र रघुवंशी एवं विजय गोस्वामी मौजूद रहे।

प्रॉपर्टी खरीदना है
अतिशीघ्र जमीन खरीदना है 4 से 5 एकड़ प्रधानमंत्री सड़क पर, होशंगाबाद क्षेत्र में।
संपर्क करें
9303981695

### कार्यक्रम में बनाए जा रहे पात्र आवेदकों के आयुष्मान कार्ड

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को वितरित किए हितलाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने तथा शेष पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निकाली जा रही है।

इसी क्रम में सोमवार को खंडवा जिले के खालवा विकासखंड की ग्राम पंचायत मलगांव, भडंग्या, खंडवा विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपल्याफुल, ढोरानी, पंधाना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बामंदा, गुजरीखेड़ा एवं पुनासा विकासखंड की ग्राम पंचायत सातमोहनी एवं गुलगांव रैयत में कार्यक्रम आयोजित हुए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि ग्राम पंचायत मलगांव में आयोजित कार्यक्रम में बी-1 का वाचन किया गया। साथ ही तहसीलदार द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान आधार कैम्प भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में 'धरती कहे पुकार' गीत के माध्यम से नन्ही मुन्नी बालिकाओं द्वारा विकसित भारत के दर्शन संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया।




**मलगांव में मौके पर ही 87 आवेदनों का किया निराकरण**

पिपल्याखुर्द में आयोजित कार्यक्रम में 6 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जिन आवेदकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, उसमें विक्रम सिंह राजपूत, रोशनी, आकांक्षा, रूपाली, गिरजा बाई एवं शांताबाई शामिल है। इसके अलावा श्रवण सिंह, राजेन्द्र सिंह, राज सिंहत एवं कैलाश के खेत में मिट्टी परीक्षण किया गया।

इसी तरह कैलाश जीवन सिंह के खेत में ड्रोन से खेती करने का डेमो दिखाया तथा काली बाई को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। साथ ही सुनिता मालवीया को पानी परीक्षण किट वितरित की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी विभाग से संबंधित योजनाओं का प्रचार किया गया तथा आवेदन प्राप्त किये गये। साथ ही 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभवों को सभी लोगों के साथ शेयर किया गया। कार्यक्रम में लाभान्वित हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ड्रोन का डेमोंसट्रेशन कृषि विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी हितग्राहियों एवं ग्रामीणजनों को भारत को 2047 तक विकसित देश की श्रेणी में लाने के लिए संकल्प दिलवाया गया।

मलगांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान संकल्प रथ के माध्यम से उपस्थितजनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन सुनाया गया। शिविर में प्रेमसिंग पिता हेमा को प्रधानमंत्री आवास, रानूबाई को उज्जवला योजना, सूरज चौहान को आयुष्मान भारत योजना, भुक्कलनसिंग को स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत शौचालय, राहुल राठौर को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया गया। लाभांवित हितग्राही के द्वारा अपनी जुबानी विकास की कहानी सुनाई गई। शिविर में कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 87 आवेदनों को मौके पर निराकरण किया गया तथा शेष लंबित 20 आवेदनों को निराकरण के लिए संबंधित विभाग को अंतरित किए गए।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा आज इन ग्रामों में होगी आयोजित**

जिला पंचायत के सीईओ सोलंकी ने बताया कि 19 दिसम्बर को यह यात्रा खालवा विकासखंड की ग्राम पंचायत राजपुरा बखार, खारकलां, खंडवा विकासखंड की ग्राम पंचायत रनगांव, कवेश्वर, पंधाना विकासखंड की ग्राम पंचायत भिलाईखेड़ा, छिरवा एवं पुनासा विकासखंड की ग्राम पंचायत जलकुआं व बिजोरामाफी में कार्यक्रम आयोजित होगा।

# दो युवकों ने किया 5 साल की मासूम का अपहरण, दुष्कर्म की आशंका

### एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार, रहटगांव थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के रहटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक गांव में पांच साल की नाबालिग के अपहरण का मामला सामने आया है। इस मामले में रहटगांव थाना पुलिस ने 363 का प्रकरण दर्जकर एक आरोपी को राउंडउप कर लिया है। उधर परिजनों ने दुष्कर्म की आशंका जताई है, जिसके बाद मेडिकल कराया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक फरार है।

पुलिस का कहना है कि जांच के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए अन्य धाराओं में इजाफा किया जाएगा। एसडीओपी अर्चना शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह रहटगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में रविवार शाम को घर के बाहर खेल रही पांच साल की लड़की से दो युवकों ने पीने के लिए पानी मांगा। जब बालिका अपने घर से पानी लेकर बाहर आई तो दोनों आरोपियों ने मौका पाकर उसे अपने साथ जंगल में ले गए। जहां ले जाकर उसके साथ गलत काम करने की आशंका है। परिजनों ने बालिका की गांव में तलाश की गई, नहीं मिलने पर थाने आकर बालिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर फिलहाल 363 का मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने सोमवार सुबह बालिका को उसके गांव के पास के नाले के पास छोड़कर भाग गए। हालांकि, पुलिस ने दोनों में से एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**अस्पताल लाई पुलिस**

पूरी रात घर से गायब रहने वाली नाबालिग के सुबह मिलने पर पुलिस उसका मेडिकल कराने जिला अस्पताल लाई है। जहां महिला पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में नाबालिग का मेडिकल कराया जा रहा है। एसडीओपी शर्मा ने बताया कि एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम आरोपी की तलाश के लिए गठित कर दी है। जल्द ही दूसरे आरोपी को भी हिरासत में ले लिया जाएगा।

## संयुक्त संचालक ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया



**हरदा।** नर्मदापुरम संभाग के संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग एचके शर्मा ने सोमवार को परियोजना टिमरनी के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान टिमरनी के वार्ड नम्बर 5, 10 एवं 15 के आंगनवाड़ी केंद्रों व ग्राम सौताडा, निमाचाकला के केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों का वजन व ऊंचाई का सत्यापन किया तथा विकसित भारत संकल्प योजना से संबंधित दिशा निर्देश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दिए। उन्होंने राष्ट्रीय पोषण अभियान अंतर्गत बच्चों की सतत वजन निगरानी पर जोर देते हुए पर्यवेक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। शर्मा ने विभिन्न विभागीय योजनाओं मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी को निर्देशित किया। इस अवसर पर परियोजना आधिकारी महिला एवं बाल विकास टिमरनी अंशु तिवारी व अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## डीजे संचालकों की बैठक आयोजित




**भीकनगांव।** सोमवार को एसडीम, एसडीओपी, व थाना प्रभारी द्वारा डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्हें बताया गया कि नए नियमों के अंतर्गत डीजे बजाना प्रतिबंध है। इसीलिए कोई भी डीजे ना बजाए अन्यथा टीम द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

# मंडी में 2 घंटे बंद रही सीसीआई की खरीदी

### किसानों का आरोप - व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए कर रहे परेशान

**खरगोन।** मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी खरगोन कपास मंडी में सोमवार को सीसीआई ने अचानक खरीदी बंद कर दी। 2 दिन से सीसीई सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी के कारण उपज नहीं खरीद रहा था। सुबह 11:30 बजे किसानों से इससाल खरीफ के रकबे में बोई गई कपास की जानकारी का दस्तावेज मांग लिया। कपास लेकर मंडी में पहुंच चुके किसान इस नए फरमान से गुस्सा गए। 2 घंटे सीसीआई की खरीदी बंद रही। हालांकि व्यापारी नीलामी करते रहे। किसानों का कहना था अचानक दस्तावेज कहां से लाएं। सीसीआई के अधिकारी मनमानी कर व्यापारियों को लाभ पहुंचाना चाह रहे हैं। सीसीआई के खरगोन मंडी अधिकारी शिवनंदन बघेल ने किसानों को निगम का खरीदी आदेश बताया। उसके बाद वे पटवारी को फोन लगाने लगे। बी 1 बी 2 खसरा नकल में कपास प्रमाणित करने को कहा। बाद में किस ऐप से उन्होंने कपास का रकबा ऑनलाइन लेकर जमा किया। उसके बाद मापदंडों के मुताबिक खरीदी हुई।



**दस्तावेज लेकर शुरू की खरीदी**

सीसीआई के नए फरमान की वजह से मंडी में दोपहर 1 घंटा खरीदी बंद रही। किसान एप से दस्तावेज की फोटो कॉपी लेकर आए तब जाकर सीसीआई की नीलामी शुरू हुई। मंडी सचिव लक्ष्मण सिंह ठाकुर इस दौरान समय सीमा की बैठक में थे। उन्होंने तय निर्देश के मुताबिक खरीदी के निर्देश दिए।

**पंजीयन के लिए लंबी कतार**

सीसीआई की खरीदी के लिए किसानों को पंजीयन करना जरूरी है। नीलामी से पहले आधार कार्ड, बी 1 व बी 2 खसरा नकल, प्रमाणित खरीफ फसल, ऋण पुस्तिका के दस्तावेज लेकर पंजीयन कर रहे हैं। मंडी ऑफिस में इसके लिए लंबी कतार लग रही है। अव्यवस्था के चलते किसान परेशान हो रहे हैं।

**नियमों के अनुसार हो रही खरीदी**

सीसीआई की खरीदी नियम अनुसार हो रही है। कई मामले ऐसे आए थे जहां खसरा-बी-1, बी-2 में उपज कोई और दर्शाई गई है और किसान उपज बेच गए हैं, उनका भुगतान नहीं हो पाया। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए दस्तावेज जरूरी है। यदि खसरा नकल में रकबा संशोधन नहीं हो रहा है तो संबंधित किसान अपने हल्का क्षेत्र के पटवारी से लिखित में भी लाकर दिखा सकते हैं। इसके आधार पर खरीदी सीसीआई करेगी।

-लक्ष्मणसिंह ठाकुर, सचिव कृषि उपज मंडी खरगोन

## नहरों का ओसराबंदी कार्यक्रम

**हरदा।** सोनतलाई उपनहर के अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि रबी सिंचाई वर्ष 2023-24 के तहत सोनतलाई नहर के माध्यम से खेतों में सिंचाई के लिए जल प्रदाय व्यवस्था सुचारू बनाने और अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के उद्देश्य से ओसराबंदी व्यवस्था मंगलवार 19 दिसम्बर से लागू की गई है। उन्होंने बताया कि डगावाशंकर, लालपुरा, अमरापुर, छुरीखाल, लाल माटी, रोलगांव एवं खामा उपशाखा नहरों में 19 दिसम्बर सुबह 6 बजे से 21 दिसम्बर सुबह 6 बजे तक सायफन पम्प एवं नहर की सभी उपशाखा बंद रहेंगी।

## ड्रोन से किया फसलों पर कीटनाशक का छिड़काव, नजारा देखने जुटी किसानों की भीड़, विकसित भारत संकल्प यात्रा में दिलाई शपथ

**खरगोन।** विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाए जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का रविवार को कसरावद तहसील के ग्राम भिलगांव में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई भरतसिंह तंवर की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ। इस दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को जानकारी दी एवं शपथ दिलाई गई। इस दौरान कलेक्ट कर्मवीर शर्मा,एसडीएम अग्रिम कुमार, एडिशनल सीईओ पुरुषोत्तम पाटीदार, तहसीलदार मुन्ना अड़,विकास खंड वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीएस सेंगर, सरपंच लताबाई मंडलोई, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर, पूर्व मंडी अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान मौजूद रहे।



इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने भिलगांव में ड्रोन के माध्यम से किसानों की फसलों में निशुल्क रूप से नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सागरिका और अन्य कीटनाशकों का छिड़काव कराया। नजारा देखने के लिए किसानों की भीड़ जुट गई। मौके पर कई भाजपा नेता भी पहुंच गए। वरिष्ठ विकास खंड कृषि अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक एकड़ फसल पर ड्रोन से निशुल्क रूप से जैविक कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। इस दौरान कृषि अधिकारी बीएस सेंगर ने बताया कि यात्रा के दौरान कृषि विभाग द्वारा अपने स्टॉल पर प्राकृतिक खेती के विभिन्न उत्पादों को का प्रदर्शन किया गया अतिथि द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से तीन किसानों को अनुदानों पर उन्नत कृषि यंत्र उन्नत कृषि यंत्र निमाड़ी पंजी भी वितरण किया पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ड्रोन का प्रदर्शन था। कृषक विजयसिंह रतनसिंह के खेत पर एक एकड़ चना फसल में ड्रोन द्वारा सूक्ष्म पोषक तत्वों के छिड़काव का प्रदर्शन जनप्रतिनिधियों और किसानों की मौजूदगी में हुआ। इसके बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने अगले पड़ाव में ग्राम डोंगरगांव पहुंची जहां ग्राम पंचायत सरपंच हरि चरण पटेल और ग्राम ग्रामीणों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया यहां पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी गतिविधियां संपन्न हुई।

## संकल्प यात्रा : बैड़िया, पहटकला, ढोलगांव, सोनखेड़ी डगावानीमा व अबगांव खुर्द पहुंचा प्रचार वाहन

**हरदा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जिले के ग्राम बेड़ियाकला, पहटकला, ढोलगांवकला, सोनखेड़ी, डगावानीमा व अबगांवखुर्द पहुंची। यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया और उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन भरवाए गए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने देश को विकसित बनाने के लिए संकल्प भी लिया व ग्रामीणों को विकास कार्यों से संबंधित फिल्म दिखाई गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम सोनखेड़ी पहुंचने पर छात्राओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा का स्वागत किया। सोनखेड़ी निवासी सीमा देवड़ा ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम के तहत अपनी सफलता की कहानी सुनाई। उन्होंनेबताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से किस तरह उन्हें लाभ मिला। इसके बाद यात्रा ग्राम डगावानीमा पहुंची। इसके बाद ग्राम बेड़यिकला पहुंची जहाँ ग्रामीणों को अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी व ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उनके आवेदन भी भरवा गए। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर पंचायत सचिव को 'खुले में शौच से मुक्त' पंचायत संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान किया। गांव में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनमे सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया और जरूरतमंद हितग्राहियों के आवेदन भी भरवा गए। बाद में यात्रा बेड़ियाकला और पहटकला पहुंची। इस अवसर पर एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पंचायत सचिव को खुले में शौच से मुक्त होने पर ओडीएफ प्लस का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को ग्राम ढोलगांव कला पहुंची।



### 18 में से 12 मत प्राप्त कर अध्यक्ष निर्वाचित

## राजेश रामकिशन जायसवाल अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

ओंकारेश्वर जायसवाल समाज अतिथि भवन कोठी ओंकारेश्वर के अलग-अलग चरणों के बाद अध्यक्ष पद के लिए रविवार को चुनाव संपन्न हुए। अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी द्वारा फॉर्म जमा किए गए। दिनभर चली प्रकिया के बाद दो प्रत्याशियों ने अपने फॉर्म वापस उठा लिए। इसके बाद बड़वाह नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल एवं दिलीप जायसवाल भीकनगांव के बीच अध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। जिसमें संचालक मंडल के 18 में से 12 ट्रस्टियों ने राजेश रामकिशन जायसवाल के पक्ष में मतदान किए। वहीं दिलीप जायसवाल को 6 मत मिले। विजयी होने की घोषणा होते ही समाजजनों के साथ हो समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। विजयी होने के बाद जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज कई वरिष्ठजनों ने अतिथि भवन को अपने परिश्रम से बडे मुकाम पर लाकर खड़ा किया हैं, हमारा प्रयास होगा कि और नई ऊंचाई दे सकें। निर्वाचन अधिकारी खेमाभाई जायसवाल, एडवोकेट ओपी जायसवाल, मन्नालाल जायसवाल, मनोहरलाल जायसवाल के द्वारा निर्वाचन संपन्न करवाया। इस दौरान समाजसेवी रामकिशन जायसवाल, महेश जायसवाल नर्मदानगर, देवेंद्र चौकसे ओम्कारेश्वर, संदीप जायसवाल बीड़, मोहन जायसवाल खरगोन, विनोद जायसवाल बावी, प्रकाश जायसवाल काटकूट, शिला जायसवाल इंदौर, हरीश अमृतलाल जायसवाल बड़वाह, सुरेंद्र जायसवाल बड़वाह मौजूद थे।

### नवीन व नवकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव ने की समीक्षा

# ओंकारेश्वर जलाशय पर 600 मेगावॉट क्षमता की फ्लोटिंग सोलर परियोजना का किया जा रहा दो चरणों में निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

प्रदेश में नर्मदा नदी के ओंकारेश्वर जलाशय पर 600 मेगावॉट क्षमता की फ्लोटिंग सोलर परियोजना का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है। ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना मध्य प्रदेश की प्रथम, देश की सबसे बड़ी तथा विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं में से एक होगी। अभी तक भूमि पर सौर परियोजनायें विकसित होती थी, किन्तु प्रदेश शासन एवं आरयूएमएसएल द्वारा नवाचार कर जल पर भी सौर परियोजना विकसित करने की परिकल्पना को मूर्त रूप देने की ओर कदम बढ़ा दिया है। एमएनआरई की 'अल्ट्रा मेगा रिन्युएबल एनर्जी पावर पार्क्स योजना' के अंतर्गत उक्त 600 मेगावाट परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना से उत्पादित संपूर्ण 600 एमडब्ल्यू विद्युत का क्रय राज्य शासन की पावर कंपनी द्वारा किया जाएगा।



प्रथम चरण में प्रतिस्पर्धात्मक निविदा प्रक्रिया द्वारा 6 मई 2022 को 278 मेगावाट क्षमता विकसित करने के लिए परियोजना विकासकों का चयन किया गया था। प्रथम चरण के 278 मेगावॉट क्षमता को फरवरी 2024 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। यह ओंकारेश्वर परियोजना देश की बहुउद्देशीय परियोजनाओं में से एक है जहां सिंचाई, जल विद्युत उत्पादन तो पहले से हो रहा है। अब सौर ऊर्जा का उत्पादन भी होगा एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। परियोजना स्थल पर पहुंचे नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे द्वारा एम्प एनर्जी ग्रीन सेवन लिमिटेड, एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा एनएचडीसी के कार्यों एवं परियोजना प्रगति की समीक्षा की गई।

गत दिनों नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे एवं रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की मौजूदगी में फ्लोटर पर सोलर मॉड्यूल असेंबली के 1 एमडब्ल्यू के प्रथम ब्लॉक को परियोजना लॉन्चपैड से पानी में स्थापित किया गया था। तब से लेकर आज तक लगभग 75 एमडब्ल्यू सोलर मॉड्यूल ब्लॉक को पानी में स्थापित किया जा चुका है। सभी संस्थाएं मिलकर शेष क्षमता को निर्धारित समय सीमा में स्थापित करने हेतु निरंतर प्रयास कर रही हैं। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड द्वारा ओम्कारेश्वर परियोजना से पूर्व विश्व की बडी सौर परियोजनाओं में शामिल 750 मेगावाट क्षमता की रीवा अल्ट्रा मेगा सौर परियोजना सफलतापूर्वक विकास किया गया है। इस अवसर पर नवकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव एवम रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड के चेयरपर्सन संजय दुबे व्दारा अवगत कराया गया कि इस महत्वकांक्षी परियोजना का निर्माण मध्यप्रदेश को विश्वपटल पर नवाचार एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में स्थापित करेगा। ओम्कारेश्वर फ्लोटिंग सोलर का निर्माण विश्व को फ्लोटिंग सोलर परियोजना में एक नई दिशा-दशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड के परियोजना प्रभारी अधिकारी अवनीश शुक्ल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।